उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No. : 564 दिनांक/Date : 23 जुलाई 2019

।। प्रेस विज्ञप्ति।।

ऊधम सिंह नगर जिलें में आबकारी सिपाही एवं प्रवर्तन सिपाही की शारीरिक दक्षता परीक्षा के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आबकारी सिपाही एवं प्रवर्तन सिपाही के पद पर जिलावार शारीरिक दक्षता परीक्षा कराई जा रही है। 10 जिलों में यह परीक्षा पूर्ण हो चुकी है। शेष जिलों में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के कारण इसे रोका गया था। ऊधम सिंह नगर जिले में पहले यह परीक्षा माह मार्च, 2019 में आयोजित की जानी थी किंतु लोक सभा सामान्य निर्वाचन के कारण भर्ती प्रक्रिया को रोक दिया गया था। अब इस शारीरिक दक्षता परीक्षा परीक्षा को पुनः शुरू किया जा रहा है।

जनपद–ऊधम सिंह नगर में **दिनांक 27 जुलाई, 2019 से दिनांक 22 अगस्त, 2019** के मध्य शारीरिक दक्षता परीक्षण आयोजित किया जायेगा। जिसमें **कुल–13382 अभ्यर्थियों** द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए **परीक्षण स्थल–स्पोर्ट्स स्टेडियम रूद्रपुर, नियर पुलिस लाइन, ऊधम सिंह नगर** निर्धारित किया गया है।

इस शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी एवं क्रीड़ा अधिकारी ऊधम सिंह नगर को समन्वय अधिकारी नामित किया गया है। अभ्यर्थियों के तिथिवार प्रवेश–पत्र आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर अपलोड किये जा चुके है। संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र आयोग वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते है।

23/7

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता
राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand
दूरभाष (कार्या०): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईटः www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com

Scanned by CamScanner